This question paper contains 7 printed pages]

Roll No. ....

1381-P

First Year Arts EXAMINATION, 2016

HINDI LITERATURE

Paper I

(काव्य)

Time allowed : Three Hours

Maximum Marks : 100

Part A (खण्ड 'अ') [Marks : 20]

*Answer all questions (**50** words each).*

***All** questions carry equal marks.*

***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **पचास** शब्दों से अधिक न हो । **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

Part B (खण्ड 'ब') [Marks : 50]

*Answer five questions (**250** words each), selecting **one** question from each Unit.*

***All** questions carry equal marks.*

*प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न चुनते हुए कुल **पाँच** प्रश्न कीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **250** शब्दों से अधिक न हो । **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

Part C (खण्ड 'स') [Marks : 30]

*Answer any two questions (**300** words each).*

***All** questions carry equal marks.*

*कोई **दो** प्रश्न कीजिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **300** शब्दों से अधिक न हो । **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

P.T.O.

खण्ड 'अ'

इकाई-I

1. (क) हरिऔधजी के **दो** महाकाव्यों के नाम लिखिए।

(ख) पाठ्यपुस्तक में संकलित किन्हीं **दो** राष्ट्रीय कवियों के बारे में बताइये।

इकाई-II

(ग) 'अम्बर-पनघट में डुबो रही तारा-घट उषा-नागरी' पंक्ति किस कवि की, कौनसी कविता से है ?

(घ) 'सरल शैशव की सुखद स्मृति-सी, वह बालिका मेरी मनोरम मित्र थी' – यह किस कविता की पंक्ति है तथा इसके रचयिता कौन हैं ?

इकाई-III

(ङ) नीहार, रश्मि, नीरजा, दीपशिखा किसके काव्य-संग्रह हैं और वे किस प्रवृत्ति से सम्बंध रखते हैं ?

(च) निराला की प्रगतिवादी चेतना से सम्बंधित कृतियाँ कौन-कौनसी हैं ?

इकाई-IV

(छ) 'प्रतिशोध' कविता किस काव्य-कृति का अंश है यह बताते हुए 'प्रतिशोध' कविता का सार लिखिए।

(ज) 'अज्ञेय' का पूरा नाम लिखते हुए बताइये कि उन्हें किस रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया है ?

इकाई-V

(झ) आधुनिक हिंदी कविता के विकास के प्रमुख चरण कौन-कौनसे हैं ?

(ञ) "कैसे आ के गुरु-गिरि पड़े बीच में हैं उन्हीं के,

जो दो प्रेमी मिलित पय और नीर से नित्यश: थे।"

– इन पंक्तियों में कौनसा अलंकार एवं कौनसा छंद है ?

खण्ड 'ब'

इकाई-I

निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

2. भोगों में भी विविध कितनी रंजिनी-शक्तियाँ हैं।

वे तो भी हैं जगत-हित से मुग्धकारी न होते।

सच्ची यों हैं कलुष उनमें हैं बड़े क्लान्तिकारी।

पाई जाती लसित इसमें शांति लोकोत्तरा है॥

3. साँस चलती है किसकी
कहता है कौन ऊँची छाती कर, मैं हूँ–
– मैं हूँ – मेवाड़ में।
अरावली शृंग-सा समुन्नत सिर किसका
बोलो कोई बोलो – अरे क्या तुम सब मृत हो ?
आह, इस खेवा की! –
कौन थामता है पतवार ऐसे अंधड़ में।
अंधकार पारावार गहन नियति-सा –
उमड़ रहा है ज्योति-रेखा-हीन क्षुब्ध हो।

इकाई-II

4. कंकाल जाल जग में फैले
फिर नवल रुधिर-पल्लव लाली!
प्राणों की मर्मर से मुखरित
जीवन की मांसल हरियाली!
मंजरित विश्व में यौवन के
जग कर जग की पिक मतवाली।
निज अमर प्रणय स्वर-मदिरा से
भर दे फिर नव युग की प्याली।

5. मर्मर की सुमधुर नूपुर-ध्वनि
अलि-गुंजित पद्मों की किंकणि
भर पद गति में अलस तरंगिणि,
तरल रजत की धार बहा दे
मृदु स्मित से सजनी!
विहँसती आ वसंत-रजनी!

इकाई-III

6. जिन्हें देख डोल गई हिम्मत दिलेर मरदानों की,
उन मौजों पर चली जा रही किश्ती कुछ दीवानों की।
बेफिक्री का समाँ कि तूफाँ में भी एक तराना है,
दाँतों उंगली धरे खड़ा अचरज से भरा जमाना है।

7. कुछ भी अवध्य नहीं तुझे, सब आखेट है;
एक बस मेरे मन-विवर में दुबकी कलौंस को
दुबकी ही छोड़कर क्या तू चला जायेगा ?
ले, मैं खोल देता हूँ कपाट सारे
मेरे इस खंडर की शिरा-शिरा छेद दे
आलोक की अनी से अपनी,
गढ़ सारा ढाह कर ढूह भर कर दे।

इकाई-IV

8. 'जागो फिर एक बार' कविता का मूल प्रतिपाद्य क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

9. 'नदी के द्वीप' कविता का भाव-सौन्दर्य लिखिए।

इकाई-V

10. द्विवेदीयुगीन कविता की विशेषताएँ कौनसी हैं ? संक्षेप में वर्णन कीजिए।

11. अलंकारों की सामान्य जानकारी देते हुए उपमा-रूपक और दृष्टांत-उदाहरण का अन्तर समझाइये।

खण्ड 'स'

इकाई-I

12. मैथिलीशरण गुप्त के काव्य की विशेषताओं के सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए।

इकाई-II

13. जयशंकर प्रसाद की काव्य-कृतियों का नामोल्लेख करते हुए सिद्ध कीजिए कि वे छायावाद के प्रथम कवि हैं ?

इकाई-III

14. सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला के विविधमुखी काव्य की समीक्षा कीजिए।

इकाई-IV

15. रामधारी सिंह दिनकर 'ओज और अनल' के कवि हैं। सिद्ध कीजिए।

इकाई-V

16. आधुनिककालीन कविता की विभिन्न परिस्थितियों का वर्णन कीजिए।

अथवा

चौपाई, सोरठा, छप्पय और मंदाक्रान्ता छंदों को लक्षण-उदाहरण सहित समझाइये।